आदिवासी ग्राम गोपालपुर मैं विश्व दुग्ध दिवस का आयोजन एवं ग्रामीण अंचल में दुग्ध व छाछ का वितरण

महामहिम कुलाधिपतिजी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा आदिवासी बाहुल्य अंगीकृत ग्राम गोपालपुर बीजाडांडी ब्लॉक जिला मंडला, में विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा ग्रामीण अंचल के बच्चों के साथ विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। इसमें वैज्ञानिकों द्वारा दुग्ध उत्पादों का दैनिक आहार में महत्व के बारे जानकारी दी गई और बच्चों के बीच दूध तथा छाछ का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा एवं वैज्ञानिकों डॉ. रुचि सिंह, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. दीपिका जे सी, देवेश उपाध्याय, क्षेत्रीय सहायक विजय चौकसे एवं आशीष यादव एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों की सक्रिय सहभागिता रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर